Dainik Bhaskar (Indore), 19th June 2026, Page-01

अच्छी खबर • क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2027 जारी; अब टॉप-500 की दरकार

आईआईटी की रैंकिंग में सुधार... रिसर्च व एकेडमिक्स में बेहतर प्रदर्शन से 10 पायदान ऊपर पहुंचा

भास्कर संवाददाता | इंदौर

दुनिया के प्रमुख उच्च शिक्षण संस्थानों की रैंकिंग जारी करने वाली क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2027 में आईआईटी इंदौर की रैंकिंग में सुधार हुआ है। पिछले साल के मुकाबले संस्थान 556 रैंक से सुधरकर 10 पायदान ऊपर 546 पर पहुंच गया है। हालांकि संस्थान लगातार दूसरे साल भी टॉप-500 में जगह नहीं बना पाया है।

पिछले वर्ष आईआईटी इंदौर को बड़ा झटका लगा था। क्यूएस रैंकिंग 2026 में संस्थान 477वें स्थान से फिसलकर 556वें स्थान पर पहुंच गया था। इस बार एकेडमिक रेपुटेशन और रिसर्च साइटेशन जैसे मानकों में सुधार के कारण 10 पायदान की बढ़त मिली है। हालांकि यह सुधार टॉप-500 में वापसी के लिए पर्याप्त नहीं रहे। रैंकिंग के विश्लेषण के अनुसार, विदेशी फैकल्टी और अंतरराष्ट्रीय छात्रों के अनुपात जैसे मानकों पर आईआईटी इंदौर में अब भी काम करने की जरूरत है। यही कारण रहा कि संस्थान दुनिया के शीर्ष 500 विश्वविद्यालयों और तकनीकी संस्थानों की सूची में इस बार भी जगह नहीं बना सका। रैंकिंग में सुधार को अच्छी शुरुआत की तरह देखा जा रहा है।

5 साल में 150 पायदान से ज्यादा फिसली रैंक

वर्ष	2023	2024	2025	2026	2027
रैंक	396	454	477	556	546

आईआईटी इंदौर ने पिछले पांच वर्षों में लगातार उतार-चढ़ाव देखा है। 2023 के मुकाबले आईआईटी इंदौर की रैंक 150 पायदान से ज्यादा नीचे आई है। इस साल सुधार जरूर हुआ, लेकिन संस्थान अब भी टॉप-500 से 46 स्थान दूर है।